## Mock Test - 06

**Q.1. उत्तर प्रदेश में किस प्रकार की मिट्टी अधिकांशत: पायी जाती है -**

1. जलोढ़ मिट्टी
2. मटियार मिट्टी
3. लेटेराइट मिट्टी
4. काली मिट्टी

**Result: 1**

**Solution:**

उत्तर प्रदेश के अधिकांश भू-भाग पर जलोढ़ मिट्टी पाई जाती है। यह भारत के 43% भू-भाग पर पायी जाती है।

**Q.2. भारत अण्डे के उत्पादन में विश्व में किस स्थान पर है -**

1. प्रथम
2. द्वितीय
3. तृतीय
4. चतुर्थ

**Result: 3**

**Solution:**

भारत का अण्डे के उत्पादन में तृतीय स्थान है। प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर क्रमश: चीन एवं अमेरिका है।

अण्डा उत्पादन में पाँच अग्रणी राज्य - तमिलनाडु, आन्ध्र प्रदेश, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल तथा हरियाणा।

**Q.3. प्रसिद्ध दशावतार मंदिर उत्तर प्रदेश में कहाँ स्थित है -**

1. देवगढ़
2. कुशीनगर
3. वाराणसी
4. कानपुर

**Result: 1**

**Solution:**

दशावतार मंदिर, उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले के देवगढ़ में स्थित है। यह गुप्त कालीन मंदिर है जो भगवान विष्णु को समर्पित है। ईंटो से निर्मित यह भारत का प्रथम मंदिर है।

**Q.4. N : P : K के किस आनुपातिक प्रयोग की संस्तुति की गई है -**

**1.** 6 : 3 : 1
**2.** 4 : 2 : 1
**3.** 4 : 3 : 1
**4.** 4 : 2 : 2

**Result: 2**

**Solution:**

N : P : K = 4 : 2 : 1
↓ ↓ ↓
नाइट्रोजन फॉस्फोरस पोटैशियम

**Q.5. कौन-सी नदी बिहड़ो का निर्माण करती है -**

**1.** गोमती
**2.** सरयू
**3.** गंगा
**4.** यमुना

**Result: 4**

**Solution:**

यमुना नदी उत्तर प्रदेश में बिहड़ों का निर्माण करती है। उत्तर प्रदेश राज्य में चम्बल एवं यमुना अपवाह क्षेत्र अपनलिका अपरदन से सबसे अधिक प्रभावित है।

**Q.6.**
**हाल ही में जारी FAO की रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक फसलों का कितने प्रतिशत सालाना कीटों से नष्ट हो जाता है -**

**1.** 25%
**2.** 30%
**3.** 40%
**4.** 52%

**Result: 3**

**Solution:**

फूट एण्ड एग्रीकल्चर आर्गेनाइजेशन (FAO) की रिपोर्ट 'साइंटिफिक रिव्यू ऑफ द इम्पैक्ट ऑफ क्लाइमेट चेंज ऑन प्लाण्ट पेस्ट्स' के अनुसार, विश्व स्तर पर हर साल आक्रमक कीटों के कारण लगभग 40% कृषि उत्पाद क्षतिग्रस्त हो जाते है।

**Q.7. भारत का प्रथम केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना कहाँ की गयी -**

**1.** राजस्थान
**2.** पश्चिम बंगाल
**3.** उत्तर प्रदेश
**4.** मणिपुर

**Result: 4**

**Solution:**

भारत का प्रथम केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय 1993 ई. में मणिपुर में स्थापित किया गया।

**Q.8. भारत में सार्वजनिक वितरण प्रणाली व्यवस्था की शुरुआत कब की गई थी -**

**1.** 1957
**2.** 1950
**3.** 1947
**4.** 1952

**Result: 2**

**Solution:**

भारत में सार्वजनिक वितरण व्यवस्था की शुरुआत 1950 ई. में की गयी।

**Q.9. 'निर्मल ग्राम योजना' का संबंध किससे है -**

**1.** ठोस एवं अर्द्ध ठोस कचरे, मल-मूत्र के स्वच्छ निस्तारण से
**2.** विवादित ग्राम से
**3.** सड़क निर्माण से
**4.** पेयजल से

**Result: 1**

**Solution:**

निर्मल ग्राम योजना की शुरुआत 2003 ई. में की गयी। इस योजना का सम्बन्ध ठोस एवं अर्द्ध ठोस कचरे, मल-मूत्र के स्वच्छ निस्तारण से है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में खुले में शौच से मुक्ति दिलाना तथा मैला ढोने की प्रथा को खत्म करना है। हाल ही में तेलंगाना भारत का पहला शौचमुक्त गाँव वाला राज्य बना।

**Q.10. उत्तर प्रदेश राजमार्ग भू-नियंत्रण अधिनियम किस वर्ष में पारित किया गया था -**

**1.** 1952
**2.** 1956
**3.** 1945
**4.** 1947

**Result: 3**

**Solution:**

13 दिसंबर, 1945 ई. को उत्तर प्रदेश राजमार्ग भू-नियंत्रण अधिनियम पारित किया गया -

**Q.11. खादी एवं ग्रामीण उद्योग आयोग की स्थापना किस पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत की गई थी -**

1. पहली
2. दूसरी
3. तीसरी
4. चौथी

**Result: 2**

**Solution:**

खादी एवं ग्रामीण उद्योग आयोग की स्थापना तिथि पंचवर्षीय योजना के दौरान किया गया। यह संसद के 'खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग अधिनियम, 1956' के तहत भारत सरकार द्वारा निर्मित एक वैधानिक निकाय है।

**Q.12. राष्ट्रीय नियोजन मे रोलिंग प्लान की अवधारणा किस सरकार के द्वारा लागू की गई थी -**

1. इंदिरा गांधी सरकार के द्वारा
2. राष्ट्रीय फ्रंट सरकार के द्वारा
3. जनता पार्टी सरकार के द्वारा
4. राजीव गांधी सरकार के द्वारा

**Result: 3**

**Solution:**

अनवरत योजना या रोलिंग प्लान एक ऐसा योजना है जो कुछ वर्षों के लिए बनाई जाती है तथा प्रत्येक वर्ष अर्थव्यवस्था की आवश्यकता के अनुसार, इसमें संशोधन किया जाता है।

यह अवधारणा जनता पार्टी की सरकार (1977-1980 ई.) द्वार लागू की गई थी।

**Q.13. किस पंचवर्षीय योजना के दौरान देश में तीन लौह इस्पात स्थापित किये गये थे -**

**1.** प्रथम
**2.** द्वितीय
**3.** तृतीय
**4.** चतुर्थ

**Result: 2**

**Solution:**

द्वितीय पंचवर्षीय योजना के दौरान देश में तीन लौह इस्पात संयंत्र स्थापित किये गये थे।

1. राउर केला (उड़ीसा) इस्पात संयंत्र जर्मनी के सहयोग से।

2. भिलाई (छत्तीसगढ़) इस्पात सोवियम संघ रूस की सहायता से।

3. दुर्गापुर (पश्चिम बंगाल) इस्पात संयंत्र ब्रिटेन की सहायता से स्थापित किया गया।

**Q.14.**
**1944 में कुछ अर्थशास्त्रियों एवं उद्योगपतियों ने एक योजना का प्रारूप प्रस्तुत किया था। उस योजना का क्या नाम था -**

**1.** बम्बई प्लान
**2.** जन योजना
**3.** गाँधीवादी योजना
**4.** सर्वोदय योजना

**Result: 1**

**Solution:**

1944 में मुंबई के प्रमुख उद्योगपतियों द्वारा मुंबई प्लान की पेशकश की गई थी जो आने वाले 15 वर्षों के लिए थी। बाम्बे प्लान- जे.आर.डी. टाटा, घनश्याम दास बिड़ला, पुरुषोत्तम दास आदि।

गाँधीवादी योजना (1944) - श्री मन्नारायण

जन योजना (1945) - एम.एन. राय

सर्वोदय योजना (1945) - जयप्रकाश नारायण

**Q.15. पंचायतों के विस्तार हेतु 'पेसा एक्ट' कब पारित हुआ -**

**1.** 1992
**2.** 1994
**3.** 1996
**4.** 2005

**Result: 3**

**Solution:**

PESA Act, 1996 - Panchayat Extension of Scheduled Area

इसके दिलीप सिंह भूटिया की अनुशंसा पर लगाया।

**Q.16. भारत में योजना की अवधारणा कब स्वीकार की गई -**

**1.** 1947 ई.
**2.** 1950 ई.
**3.** 1951 ई.
**4.** 1952 ई.

**Result: 2**

**Solution:**

भारत में योजना की अवधारणा को 1950 में स्वीकार किया गया क्योंकि 15 मार्च, 1950 को ही योजना आयोग का गठन किया गया था।

**Q.17. द्वितीय पंचवर्षीय योजना में सर्वाधिक परिव्यय किस भगा पर किया जाता था -**

**1.** ऊर्जा
**2.** भारी उद्योग
**3.** उद्योग
**4.** परिवहन एवं संचार

**Result: 4**

**Solution:**

द्वितीय पंचवर्षीय योजना में सर्वाधिक व्यय परिवहन एवं संचार की व्यवस्था पर किया गया। द्वितीय पंचवर्षीय योजना के दौरान भारत में तीन प्रमुख इस्पात संयंत्र की स्थापना किया गया था। द्वितीय पंचवर्षीय योजना पी. सी. महालनोविस मॉडल पर आधारित थी।

**Q.18. मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना कब लागू की गयी -**

**1.** 15 अक्टूबर, 2018
**2.** 21 जनवरी, 2020
**3.** 9 जुलाई, 2017
**4.** 17 सितंबर, 2020

**Result: 2**

**Solution:**

21 जनवरी, 2020 को इस योजना की घोषणा की गई। इस योजना के तहत 14 सितंबर, 2019 से पहले जितने भी किसान दुर्घटना के शिकार हुए होंगे, उन्हें इस योजना के तहत लाभ दिया जाएगा। 18-70 वर्ष के कृषकों को बीमा राशि प्रदान की जायेगी। इसके तहत 5 लाख रू. तक का बीमा कवर प्रदान किया जाएगा।

**Q.19. सर्वप्रथम चकबंदी अधिनियम कब पारित किया गया था -**

**1.** 1919
**2.** 1920
**3.** 1925
**4.** 1930

**Result: 2**

**Solution:**

सर्वप्रथम चकबंदी अधिनियम, 1920 ई. बड़ौदा में पारित किया गया। उत्तर प्रदेश चकबंदी अधिनियम, 1953 उत्तर प्रदेश विधानसभा द्वारा पारित किया गया और 1954 ई. में इसे सफलतापूर्वक लागू कराया गया।

**Q.20. योजना आयोग द्वारा अब तक कितनी वार्षिक योजनाएँ बनायी जा चुकी है -**

**1.** 3
**2.** 5
**3.** 7
**4.** 10

**Result: 3**

**Solution:**

योजना आयोग अब तक कुल 07 'एक वर्षीय योजना' बना चुकी है।

1. 3 वार्षिक योजना 1966 से 1969 - 3

2. अनवरत योजना 1978 से 1980 - 2

3. वार्षिक योजना 1990-1992 - 2

**Q.21. कुल खेती क्षेत्र से तात्पर्य है -**

1. वर्ष में सकल खेती करने योग्य क्षेत्र
2. वर्ष मे शुद्ध खेती किया गया क्षेत्र
3. वर्ष में शुद्ध खेती किया गया क्षेत्र + वह क्षेत्र जिसमे एक बार से अधिक खेती की गई हो
4. उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Result: 3**

**Solution:**

कुल खेती का अर्थ है वर्ष में शुद्ध खेती किया गया क्षेत्र और वह क्षेत्र जिसमें एक बार से अधिक खेती की गई है।

**Q.22. भारत में आर्थिक नियोजन का स्वरूप है -**

1. विकेन्द्रीकृत
2. निर्देशात्मक
3. समाजवादी और पूँजीवादी
4. इनमें से सभी

**Result: 4**

**Solution:**

भारत में आर्थिक नियोजन का स्वरूप विकेन्द्रीकृत, निर्देशात्मक, समाजवादी एवं पूंजीवादी है। भारत में 1938 ई. में प्रथम राष्ट्रीय नियोजन समिति का गठन जवाहरलाल नेहरू की अध्यक्षता में किया गया था।

**Q.23. पंचवर्षीय योजना का अन्तिम प्रारूप कौन प्रस्तुत करता है -**

1. राष्ट्रपति
2. संसद
3. राष्ट्रीय विकास परिषद
4. योजना आयोग

**Result: 3**

**Solution:**

पंचवर्षीय योजना का अन्तिम प्रारूप राष्ट्रीय विकास परिषद द्वारा प्रस्तुत किया जाता है। पंचवर्षीय योजना को अनुमोदित करने वाली सर्वोच्च संस्था राष्ट्रीय विकास परिषद है। इसकी स्थापना 6 अगस्त, 1952 ई. को किया गया। राष्ट्रीय विकास परिषद कार्यकारी निकाय है। जो पंचवर्षीय योजनाओं का अनुमोदन करती है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय विकास परिषद का पदेन अध्यक्ष होता है। राष्ट्रीय विकास परिषद को योजना आयोग का पितामाह कहा जाता है।

**Q.24. जन योजना का प्रारूप किसने तैयार किया था -**

**1.** सर आर्देशिर दलाल
**2.** श्री मन्न नारायण
**3.** एम.एन. राय
**4.** जयप्रकाश नारायण

**Result: 3**

**Solution:**

जन योजना का प्रारूप एम.एन. राय ने प्रस्तुत किया था।

प्रकाशन वर्ष : 1945

प्रणाली : साम्यवादी प्रणाली

उद्देश्य जनता की आधारभूत आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित करना।

प्रस्तावित व्यय : 15 हजार करोड़ रुपये

अवधि : 10 वर्ष

**Q.25. हाल ही में किस राज्य में प्रशासन गाँव के संग अभियान शुरु किया गया -**

**1.** गुजरात
**2.** उत्तर प्रदेश
**3.** राजस्थान
**4.** पंजाब

**Result: 3**

**Solution:**

राजस्थान सरकार ने राज्य के दूर-दराद के गाँवों में सरकारी सेवाओं तक स्थानीय पहुँच प्रदान करने के लिए 17 दिसंबर, 2021 तक 'प्रशासन गाँव के संग' नाम से एक मेगा अभियान शुरु किया है। स्थानीय प्रशासन के 22 विभागों के अधिकारी हर ग्राम पंचायत के ग्रामीण इलाकों में पहुँचकर आवेदकों को मौके पर ही समाधान मुहैया कराएंगे।

बस नाम ही काफी है STUDY91
India's Largest E-Learning Platform

+91 7007734525, Info@study91.co.in, https://study91.co.in/